# T. M. Bhagalpur University, Bhagalpur-812007

Letter No. DSW/2026 Date ....03/08/2026

सेवा में,
सभी प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य,
(अंगीभूत, राजकीय डिग्री एवं संबद्ध महाविद्यालय)
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।

विषय : यू.जी. (CBCS) एवं AEDP (CBCS) Semester-I, सत्र 2026–30 में ऑन-स्पॉट नामांकन की अंतिम तिथि विस्तार के संबंध में।

महोदय/महोदया,

यू.जी. (CBCS) Semester-I एवं AEDP (CBCS) Semester-I, सत्र 2026–30 में ऑन-स्पॉट नामांकन की अंतिम तिथि 03.08.2026 निर्धारित की गई थी। तथापि, अनेक शिक्षण संस्थानों एवं विद्यार्थियों द्वारा दूरभाष के माध्यम से अनुरोध प्राप्त हुआ है कि नामांकन की अंतिम तिथि में विस्तार किया जाए, क्योंकि कई महाविद्यालय विभिन्न तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक कारणों से कुछ विद्यार्थियों का "Admission Granted" समर्थ पोर्टल पर अंकित नहीं कर सके हैं।

छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से यू.जी. (CBCS) एवं AEDP (CBCS) Semester-I, सत्र 2026–30 में ऑन-स्पॉट नामांकन की अंतिम तिथि दिनांक 06.08.2026 को सायं 8:00 बजे तक विस्तारित की जाती है।

सभी प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि पूर्व में निर्गत दिशा-निर्देशों के आलोक में इस विस्तारित अवधि के भीतर प्रत्येक नामांकित विद्यार्थी का विवरण तथा "Admission Granted" की प्रविष्टि Samarth Portal पर अनिवार्य रूप से पूर्ण कर दी जाए।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि 06.08.2026 को सायं 8:00 बजे के उपरांत Samarth Portal पुनः खोला जाना संभव नहीं होगा। अतः यदि किसी नामांकित विद्यार्थी का "Admission Granted" निर्धारित समयावधि के भीतर अंकित नहीं किया जाता है, तो इसके लिए संबंधित प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

इसे अत्यंत आवश्यक (Most Urgent) मानते हुए तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

अध्यक्ष, छात्र कल्याण
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर